भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2158
उत्तर देने की तारीख 9 दिसंबर, 2024
सोमवार, 18 अग्रहायण 1946 (शक)

महिला उद्यमियों के लिए योजनाएं

2158. श्री दुरई वाइको:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय क्षेत्र और केन्द्र द्वारा प्रायोजित उन योजनाओं का प्रतिशत कितना है, जो उद्यमियों को कुशल बनाने के उद्देश्य से कार्य करती हैं और जिन्हें विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए तैयार किया गया है; और

(ख) वर्ष 2014-24 के बीच सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई प्रत्येक योजना में महिलाओं की संख्या के साथ-साथ नामांकित और नौकरी पाने वाली महिलाओं के प्रतिशत का वर्ष-वार, राज्य-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) भारत सरकार ने महिलाओं में उद्यमशीलता की मानसिकता और क्षमता का निर्माण करने, महिला-नीत वाले उद्यमों के विकास को समर्थन देने तथा महिलाओं में उद्यमशीलता विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल की हैं।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने स्वायत्त संगठनों अर्थात् राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) और भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) के माध्यम से महिलाओं में उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की हैं। ऐसी पहलों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों द्वारा महिला उद्यमियों सहित उद्यमियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं। अन्य मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित कुछ प्रमुख स्कीमों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) देश भर में कौशल विकास केंद्रों/संस्थानों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्न्यन कार्यक्रम प्रदान करता है।

वर्ष 2014-24 के बीच एमएसडीई द्वारा कार्यान्वित प्रत्येक स्कीम में महिलाओं की संख्या के साथ-साथ नामांकित और रोजगार पाने वाली महिलाओं का प्रतिशत, वर्ष-वार, राज्य-वार और स्कीम-वार विवरण **अनुबंध-III** से **V** में हैं और भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों का विवरण **अनुबंध-VI** में है।

अनुबंध I

'महिला उद्यमियों के लिए योजनाएं' के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2158 के भाग (क) के उत्तर के संदर्भ में।

महिलाओं में उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसडीई की विभिन्न पहलों का विवरण इस प्रकार है:

1. **संकल्प स्कीम के तहत क्षमता-निर्माण, इनक्यूबेशन सहायता, मार्गदर्शन और सहायता के माध्यम से उद्यमशील माहौल को सुदृढ करना** – एमएसडीई, एनआईईएसबीयूडी और आईआईई के माध्यम से, समाज के विभिन्न हाशिए पर रह गए वर्गों और महिलाओं के उद्यमशीलता इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) के समर्थन से एक परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है, जो एमएसडीई की विश्व बैंक ऋण सहायता प्राप्त केंद्र प्रायोजित स्कीम है। इस स्कीम का उद्देश्य क्षमता निर्माण, इनक्यूबेशन सहायता, मेंटरिंग और हैंडहोल्डिंग के माध्यम से विभिन्न लक्षित समूहों के बीच उद्यमिता की भावना को सृजित करना, संरक्षण करना और बढ़ावा देना है। संस्थानों ने वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक परियोजना के तहत 62101 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें 45262 महिलाएं शामिल हैं।

2. **प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएमजनमन)** (केन्द्रीय क्षेत्र और केन्द्र प्रायोजित स्कीमें सम्मिलित) - विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय की इस योजना के अंतर्गत, एमएसडीई अपने स्वायत्त संस्थान - एनआईईएसबीयूडी और आईआईई के माध्यम से कौशल और उद्यमशीलता घटक को कार्यान्वित कर रहा है। यह स्कीम देश भर के 18 राज्यों में भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड) के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है, जिसके अंतर्गत कुल 500 वीडीवीके स्थापित किए जाने हैं। नवंबर 2023 में इसकी शुरुआत से अब तक इस परियोजना के तहत कुल 38396 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 32591 महिलाएं हैं।

3. **औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव)** (एमएसडीई की एक केंद्रीय क्षेत्र स्कीम) के अंतर्गत एनआईईएसबीयूडी और आईआईई ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन गतिविधियों के बाद उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के लिए संभावित उद्यमियों का चयन किया गया। संस्थानों ने लक्षित समूहों के लिए ईडीपी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया है और शिक्षुओं को अपने उद्यम स्थापित करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहा है। संस्थान ने वित्त-वर्ष 2023-24 से वित्त-वर्ष 2024-25 में परियोजना के तहत कुल 101934 शिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 29343 महिलाएं हैं।

4. **पीएम स्वनिधि लाभार्थियों के लिए पायलट आधार पर राष्ट्रीय उद्यमिता विकास परियोजना–** निसबड और आईआईई ने एमएसडीई के सहयोग से पीएम स्वनिधि लाभार्थियों के लिए पायलट आधार पर राष्ट्रीय उद्यमिता विकास परियोजना को लागू किया है। इस परियोजना में एक सप्ताह का क्लासरूम प्रोग्राम और 21 सप्ताह का मेंटरिंग और हैंड-होल्डिंग सपोर्ट शामिल है। संस्थानों ने वित्त वर्ष 2023-24 में परियोजना के तहत कुल 1744 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें 1205 महिलाएं शामिल हैं।

5. **पूर्वोत्तर क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में ईडीसी और इनक्यूबेशन सेंटर (आईसी) की स्थापना, विकास और प्रबंधन -** इस परियोजना के तहत, आईआईई पूर्वोत्तर क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में उद्यमिता विकास केंद्र (ईडीसी) और इनक्यूबेशन सेंटर (आईसी) की स्थापना, विकास और प्रबंधन कर रहा है। परियोजना की मुख्य विशेषताओं में पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में 30 ईडीसी और चार आईसी की स्थापना, विकास और प्रबंधन, 30 लक्षित जिलों से 600 सलाहकारों की पहचान और प्रशिक्षण, 30 लक्षित जिलों से 3600 युवाओं की पहचान और प्रशिक्षण, चार आईसी में 100 व्यावसायिक विचारों को विकसित करना, अभिसरण के माध्यम से 30 ईडीसी में 900 व्यावसायिक विचारों का समर्थन करना और चार आईसी में शीर्ष 50 इनक्यूबेटर्स के लिए सीड फंड प्रदान करना शामिल है। आईआईई ने वित्त वर्ष 2023-24 से परियोजना के तहत कुल 1909 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 1889 महिलाएं हैं।

6. जेल संवासियों के बीच उद्यमशीलता विकास

निसबड ने एमएसडीई के सहयोग से 13 मई 2022 को जेल संवासियों में बीच उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए एक परियोजना लागू की है, जिसका उद्देश्य क्षमता-निर्माण, सलाह, सहायता और इनक्यूबेशन सहायता के माध्यम से जेल संवासियों के बीच उद्यमशीलता की भावना को पैदा करना, प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना है।

इस परियोजना को नारी बंदी निकेतन, लखनऊ, मॉडल जेल, लखनऊ और सेंट्रल जेल, वाराणसी में लागू किया गया है। संस्थान ने वित्त-वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परियोजना के तहत कुल 460 शिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें 140 महिलाएँ शामिल हैं।

7. पवित्र शहरों में उद्यमशीलता विकास संबंधी प्रायोगिक परियोजना

एनआईईएसबीयूडी और आईआईई ने वाराणसी, हरिद्वार, पंढरपुर, बोधगया, कोल्लूर और पुरी के पवित्र शहरों में उद्यमशीलता विकास संबंधी प्रायोगिक परियोजना को कार्यान्वित किया। परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा आजीविका गतिविधियों को पुनः शुरू करके मंदिर शहर की उद्यमशीलता गतिविधियों को उत्प्रेरित करना और मौजूदा उद्यमों को सहयोग देकर संभावित उद्यमियों की पहचान करना, उन्हें उद्यम स्थापित करने और उद्यमों के प्रबंधन के लिए सलाह देना था। दोनों संस्थानों ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24 और 2024-25 के

दौरान परियोजना के तहत कुल 8962 शिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें 6241 महिलाएँ शामिल हैं।

8. पीएमजेवीएम के तहत प्रधानमंत्री वन धन योजना (पीएमवीडीवाई)

पीएमजेवीएम (प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन) के तहत प्रधानमंत्री वनधन योजना (पीएमवीडीवाई) भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय की 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित योजना है, जिसे 5 नवंबर, 2019 को असम में प्रारम्भ किया गया था और इसे राज्य में असम प्लेन ट्राइब्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीडीटीसी) द्वारा लागू किया जा रहा है, जिसमें जनजातीय मामलों का विभाग नोडल एजेंसी है, जबकि भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राईफेड) प्रायोजक एजेंसी है। राज्य में स्कीम के प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) को कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा संसाधन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस स्कीम का उद्देश्य राज्य के आदिवासी समुदायों की आजीविका को बेहतर बनाना है, ताकि उन्हें लघु वनोपज (एमएफपी) के मूल्य संवर्धन के माध्यम से स्थायी आजीविका मिल सके और उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान किया जा सके। इस उद्देश्य के लिए, स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) से संबंधित आदिवासी लाभार्थियों की पहचान बेसलाइन-सर्वेक्षण के माध्यम से की जाती है और निकटवर्ती क्षेत्रों में एसएचजी को वन धन विकास केंद्र क्लस्टर (वीडीवीकेसी) बनाने के लिए पंजीकृत किया जाता है, जिसमें कुल 300 लाभार्थी होते हैं।

9. कारीगर मेलों और हाटों में कार्यशालाओं का आयोजन

एनआईईएसबीयूडी ने 20 अक्टूबर 2022 को एमएसडीई द्वारा समर्थित एक परियोजना को लागू किया है, जिसका उद्देश्य कारीगरों को क्षमता-निर्माण के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करना और उन्हें उद्यमशीलता संबंधी ज्ञान प्रदान करना है। संस्थान ने वित्त-वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान परियोजना के तहत 342 महिलाओं सहित कुल 592 शिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया है।

अनुबंध-II

महिला उद्यमियों के लिए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

1. **कृषि एवं किसान कल्याण विभाग:** कृषि क्लीनिक और कृषि व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) योजना अप्रैल, 2002 से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य कृषि विकास का समर्थन करने और सार्वजनिक विस्तार के प्रयासों को पूरक बनाने के लिए बेरोजगार कृषि स्नातकों, कृषि डिप्लोमा धारकों और कृषि में इंटरमीडिएट के अलावा कृषि से संबंधित पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर के साथ विज्ञान स्नातकों के लिए लाभकारी स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है। इस योजना द्वारा प्रस्तुत की गई योजना का 44% अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए है। महिला उम्मीदवारों को विशेष रूप से महिला कृषि उद्यमियों के लिए ऋण सुविधा और पुरस्कार प्राप्त करने के लिए पति/माता-पिता को सह-बद्ध करने जैसे विशेष विचार भी दिए जाते हैं।

2. **ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)** - एमओआरडी महिला उद्यमियों सहित सभी उद्यमियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) कार्यक्रम लागू कर रहा है। आरएसईटीआई एक बैंक प्रमुख-एमओआरडी वित्तपोषित प्रशिक्षण संस्थान है, जिसे प्रायोजक बैंकों द्वारा अपने जिलों में कौशल और उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। एमओआरडी आरएसईटीआई भवन के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और गरीब ग्रामीण उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने का खर्च भी वहन करता है। 18-45 वर्ष की आयु का कोई भी बेरोजगार युवा जो स्वरोजगार या मजदूरी रोजगार करने की योग्यता रखता है और संबंधित क्षेत्र में कुछ बुनियादी ज्ञान रखता है, वह आरएसईटीआई में प्रशिक्षण ले सकता है। कुछ प्रशिक्षित उम्मीदवार नियमित वेतन वाली नौकरी/मजदूरी रोजगार की भी अपेक्षा कर सकते हैं।

3. **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय** - एमएसएमई मंत्रालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के माध्यम से, गैर-कृषि क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने में उद्यमियों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) को लागू कर रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों/ग्रामीण और शहरी बेरोजगार युवाओं को उनके समीप रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

पीएमईजीपी एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है जो विशेष श्रेणियों जैसे कि पूर्वोत्तर क्षेत्र, पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों से संबंधित महिला लाभार्थियो की सहायता करती है, ग्रामीण क्षेत्रों में 35% और शहरी क्षेत्रों में 25% मार्जिन मनी सब्सिडी दी जाती है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कार्यक्रम के तहत सहायता प्राप्त महिला उद्यमी इकाइयों की संख्या

10,553 है, जिसमें 488.60 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी है, जो 28.11.2024 तक अनुमानित 84424 श्रमिकों के लिए रोजगार पैदा करती है।

4. **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी)** - नवाचार को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के इरादे से सरकार ने 16 जनवरी 2016 को स्टार्ट-अप इंडिया पहल शुरू की। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए कुछ अन्य कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है:

i. महिला-नीत वाले स्टार्ट-अप्स को इक्विटी और ऋण दोनों के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए, लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) द्वारा संचालित स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स स्कीम में 10% फंड महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स के लिए आरक्षित है।

ii. महिला क्षमता विकास कार्यक्रम (विंग) महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप्स के लिए एक अनूठा क्षमता विकास कार्यक्रम है, जो महत्वाकांक्षी और स्थापित महिला उद्यमियों को उनकी स्टार्ट-अप यात्रा में पहचान और समर्थन देने के लिए है। कार्यशालाएँ तकनीक, निर्माण, उत्पाद, मशीन, खाद्य, कृषि, शिक्षा आदि सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध हैं। कार्यशालाएँ उभरती महिला उद्यमियों और अन्य हितधारकों के लिए महिला उद्यमियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करती हैं।

iii. महिला उद्यमियों के लिए एक वर्चुअल इनक्यूबेशन प्रोग्राम ज़ोन स्टार्टअप्स के सहयोग से आयोजित किया गया था ताकि महिलाओं के नेतृत्व वाले टेक स्टार्टअप्स को प्रो-बोनो एक्सेलेरेशन सपोर्ट दिया जा सके।

iv. स्टार्ट-अप इंडिया हब: स्टार्ट-अप इंडिया पोर्टल पर महिला उद्यमियों को समर्पित एक वेबपेज डिज़ाइन किया गया है। इस पेज में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महिला उद्यमियों के लिए विभिन्न नीतिगत उपाय शामिल हैं।

V. असेंड स्टार्ट-अप कार्यशाला श्रृंखला और स्टार्ट-अप के लिए महिला कार्यशालाएँ: सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के उद्यमियों, महत्वाकांक्षी उद्यमियों और छात्रों के लिए स्टार्ट-अप कार्यशालाओं की एक श्रृंखला – असेंड (स्टार्ट-अप कैलिबर और उद्यमशीलता अभियान को गति देना) का आयोजन किया। इसके अलावा, कार्यशालाएँ पूर्वोत्तर राज्यों में महिला उद्यमियों पर विशेष ध्यान देने के साथ आयोजित की जाती हैं।

Vi. महिला उद्यमशीलता मंच (डब्ल्यूईपी): सरकार ने महिला उद्यमशीलता इकोसिस्टम में सूचना विषमता को दूर करने के उद्देश्य से 2018 में एक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप में डब्ल्यूईपी प्रारम्भ किया। सभी मौजूदा पहलों को प्रदर्शित करके और डोमेन ज्ञान प्रदान करके यह भावी और वर्तमान दोनों महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम करता है।

vii. सुपरस्त्री पॉडकास्ट: भारत के सभी क्षेत्रों की अधिक संख्या में महिलाओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से, भारतीय स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में महिलाओं पर सुपरस्त्री वीडियो पॉडकास्ट श्रृंखला शुरू की गई है। पॉडकास्ट महिलाओं के नवाचारों से संबंधित जागरूकता फैलाता है और देश में महिला उद्यमिता को और मजबूत करता है।

viii. स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को समर्थन पर राज्यों की स्टार्ट-अप रैंकिंग मुख्य रूप से सभी भारतीय राज्यों में अच्छी प्रथाओं की पहचान करने का एक अभ्यास है। मूल्यांकन में प्रत्येक राज्य में महिला-नीत वाले स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और विशेष प्रोत्साहनों के निर्माण और कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए एक विशिष्ट प्रावधान शामिल है। देश में नवाचार, समावेशिता और विविधता और उद्यमशीलता की समझ, गुणवत्ता और प्रसार की पहचान करने के लिए, सरकार ने राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार (एनएसए) की स्थापना की। एनएसए 20 क्षेत्रों और विशेष श्रेणियों में स्टार्ट-अप को मान्यता देता है और उन्हें बढ़ावा देता है। एनएसए के सभी चार संस्करणों (2020, 2021, 2022 और 2023) में महिला-नीत वाले स्टार्ट-अप्स के लिए एक विशेष श्रेणी और पुरस्कार शामिल हैं।

4. **वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस)** - प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) को दिनांक 08.04.2015 को सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआई), यानी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) द्वारा 20 लाख रुपए तक के जमानत मुक्त ऋण का विस्तार करने के लिए लॉन्च किया गया था। कोई भी व्यक्ति, जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और उसके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय स्कीम है, वह विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए स्कीम के अंतर्गत ऋण ले सकता है, जिसमें कृषि से संबद्ध गतिविधियां भी शामिल हैं। चार ऋण श्रेणियों अर्थात शिशु (50,000 रुपए तक के ऋण), किशोर (50,000 रुपए से अधिक और 5 लाख रुपए तक के ऋण), तरुण (5 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक के ऋण) और तरुण प्लस (10 लाख रुपए से अधिक और 20 लाख रुपए तक के ऋण, उन उद्यमियों के लिए जिन्होंने दिनांक 24.10.2024 से 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत पिछले ऋण लिए हैं और सफलतापूर्वक चुकाए हैं) में ऋण प्राप्त कर सकता है। स्कीम की शुरुआत से लेकर 01 नवम्बर, 2024 तक पीएमएमवाई के अंतर्गत 31.28 लाख करोड़ रुपए की राशि के कुल 50.31 करोड़ ऋण दिए गए हैं, जिनमें से कुल 34.01 करोड़ (68%) ऋण महिला उद्यमियों को स्वीकृत किए गए हैं।

स्टैंड-अप इंडिया (एसयूआई) स्कीम को दिनांक 05.04.2016 को शुरू की गई जिसे वर्ष 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस स्कीम का उद्देश्य कृषि संबद्ध गतिविधियों सहित विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र में ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए प्रत्येक बैंक शाखा में कम से कम एक अनुसूचित जाति (एससी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) उधारकर्ता और एक महिला उधारकर्ता को 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए के बीच मूल्य के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से ऋण की सुविधा प्रदान करना है। स्टैंड अप इंडिया स्कीम ने देश भर में एससी/एसटी और महिला उद्यमियों को 2.51 लाख से अधिक ऋण की सुविधा

प्रदान की है और योजना की शुरुआत से दिनांक 31.10.2024 तक महिला उद्यमियों को कुल 2.10 लाख (84%) ऋण मंजूर किए गए हैं।

अनुबंध-III

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) देश में रोजगार पात्र युवाओं के लिए महिला व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित व्यावसायिक प्रशिक्षण के विकास और समन्वय के लिए और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) के अपने नेटवर्क के माध्यम से अर्थव्यवस्था को कुशल जनशक्ति प्रदान करने के लिए एक शीर्ष संगठन है।

शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) भारत सरकार द्वारा घरेलू उद्योग के लिए विभिन्न विधाओं में कुशल श्रमिकों के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी। इसके उद्देश्यों में व्यवस्थित प्रशिक्षण के माध्यम से औद्योगिक उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाना, रोजगार योग्य कौशल प्रदान करके शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी को कम करना और युवा पीढ़ी में तकनीकी और औद्योगिक मानसिकता को बढ़ावा देना शामिल है। व्यावसायिक प्रशिक्षण के एक प्रमुख घटक के रूप में, यह स्कीम विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के विशाल नेटवर्क के माध्यम से वर्तमान और भविष्य की जनशक्ति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिल्पकारों को आकार देने में सहायक रही है।

पिछले दस शैक्षणिक सत्रों अर्थात् सत्र 2014-2015 से 2023-24 तक आईटीआई में राज्य-वार महिला नामांकन निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	सत्र 2014	सत्र 2015	सत्र 2016	सत्र 2017	सत्र 2018	सत्र 2019	सत्र 2020	सत्र 2021	सत्र 2022	सत्र 2023
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	55	116	121	128	122	130	234	145	123	137
2	आंध्र प्रदेश	1,636	1,762	1,917	1,706	1,985	2,086	1,857	1,761	2,058	2,378
3	अरुणाचल प्रदेश	121	143	169	186	190	200	151	147	192	205
4	असम	557	581	479	452	666	755	781	777	922	1,322
5	बिहार	759	867	1,134	1,401	2,486	4,855	6,644	6,441	5,908	8,221
6	चंडीगढ़	441	535	511	553	543	462	414	458	469	498
7	छत्तीसगढ	2,170	2,880	3,341	3,850	5,542	5,828	5,416	5,943	5,844	6,873
8	दिल्ली	1,758	2,265	2,777	2,608	4,469	2,978	2,695	2,871	2,884	3,172
9	गोवा	275	349	410	406	431	359	327	346	478	483
10	गुजरात	6,552	8,877	8,860	9,845	17,260	12,957	15,498	15,200	16,357	19,820
11	हरियाणा	4,776	8,351	8,094	8,565	14,119	10,669	10,814	9,221	9,195	11,890
12	हिमाचल प्रदेश	5,017	5,106	4,886	4,814	4,883	5,159	3,779	4,620	5,194	5,254
13	जम्मू और कश्मीर	631	690	779	866	822	1,865	2,869	3,229	3,121	3,242
14	झारखंड	352	475	614	697	676	1,079	910	1,348	1,603	2,032
15	कर्नाटक	4,335	4,334	4,509	4,243	4,443	3,723	3,093	3,106	3,287	3,364
16	केरल	5,572	4,547	5,287	5,224	7,191	6,916	6,053	6,485	6,784	6,965
17	लद्दाख	50	46	60	60	61	123	101	122	190	220
18	लक्षद्वीप	44	33	35	37	35	97	157	167	151	148
19	मध्य प्रदेश	3,732	5,101	7,110	6,891	10,243	10,464	10,445	9,494	9,668	10,072
20	महाराष्ट्र	14,568	15,615	19,352	19,803	21,248	17,693	16,219	18,913	21,155	22,939
21	मणिपुर	4	16	9	20	14	11	14	8	186	306
22	मेघालय	225	235	279	253	266	228	204	202	274	316

23	मिजोरम	103	151	162	143	131	78	81	80	98	129
24	नागालैंड	24	1	17	12	30	42	48	44	52	56
25	ओडिशा	2,246	2,627	3,106	4,148	4,835	4,500	5,790	7,756	7,426	11,828
26	पुदुचेरी	118	137	175	165	148	117	134	101	118	141
27	पंजाब	6,621	8,972	8,861	8,986	10,869	10,441	13,663	12,347	12,116	12,885
28	राजस्थान	5,239	7,881	8,807	10,486	9,203	10,684	9,508	9,936	9,148	10,646
29	सिक्किम	111	87	93	169	172	98	106	76	164	111
30	तमिलनाडु	5,676	5,832	5,284	4,365	4,801	4,220	4,001	4,282	4,378	5,242
31	तेलंगाना	2,675	2,876	3,027	2,484	2,276	1,977	1,668	1,521	1,651	2,318
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	31	32	33	28	36	19	41	53	148	240
33	त्रिपुरा	281	208	314	267	575	387	525	473	721	704
34	उत्तर प्रदेश	8,962	13,086	16,788	18,974	42,027	39,851	32,004	35,358	37,745	43,079
35	उत्तराखंड	1,138	1,607	1,672	1,585	2,375	2,104	1,521	1,284	1,760	1,885
36	पश्चिम बंगाल	964	1,819	2,850	2,742	3,185	3,551	4,494	3,857	4,486	6,082
सकल योग		**87,819**	**1,08,240**	**1,21,922**	**1,27,162**	**1,78,358**	**1,66,706**	**1,62,259**	**1,68,172**	**1,76,054**	**2,05,203**

अनुबंध-IV

राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के कुशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम है, जिसका उद्देश्य शिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत नियोजित शिक्षुओं को आंशिक वृत्तिका सहायता प्रदान करके, शिक्षुता इकोसिस्टम की क्षमता-निर्माण का कार्य करके, तथा हितधारकों को एडवोकेसी सहायता प्रदान करके देश में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। एनएपीएस कार्यनीतिक रूप से नियोक्ताओं को अपने कार्यबल में अधिक शिक्षुओं को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले नौ वर्षों में शिक्षुता नामांकन और कौशल विकास में सक्रिय भागीदारी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

वित्तीय-वर्ष 2016-17 से 31 अक्तूबर 2024 तक नियोजित महिला शिक्षुओं की राज्य-वार संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (31 अक्तूबर 2024 तक)
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0	-	-	-	1	-	3	9	10
2	आंध्र प्रदेश	151	198	206	427	608	4,422	3,587	3,648	2,162
3	अरुणाचल प्रदेश	0	-	1	-	-	6	12	25	20
4	असम	30	90	145	405	276	6,268	4,274	3,639	1,903
5	बिहार	45	66	168	83	132	1,767	1,023	741	584
6	चंडीगढ़	2	29	19	21	78	225	145	326	537
7	छत्तीसगढ	60	54	205	685	164	333	752	1,040	469
8	दिल्ली	123	276	599	1,122	1,533	3,775	3,576	3,731	2,584
9	गोवा	16	41	53	304	320	527	1,036	3,948	2,250
10	गुजरात	959	1,128	6,451	7,727	8,493	11,268	11,970	15,654	10,288
11	हरियाणा	223	3,565	3,688	3,473	4,830	7,039	10,442	10,983	6,915
12	हिमाचल प्रदेश	52	80	78	102	174	953	1,104	1,844	1,070
13	जम्मू और कश्मीर	9	8	13	39	52	93	131	189	133
14	झारखंड	479	162	330	159	199	586	1,111	1,565	653
15	कर्नाटक	693	735	549	3,507	3,768	10,017	13,891	16,857	11,794
16	केरल	608	1,087	1,133	929	1,631	2,137	3,047	3,671	2,565
17	लद्दाख	0	-	-	-	2	7	10	37	35
18	लक्षद्वीप	1	-	-	-	2	-	3	4	-
19	मध्य प्रदेश	640	506	768	771	1,016	3,249	3,846	4,534	4,359
20	महाराष्ट्र	2,212	2,972	3,649	6,702	16,908	29,947	35,372	53,522	34,947

21	मणिपुर	2	2	24	4	2	25	9	8	101
22	मेघालय	1	-	2	11	38	40	83	142	88
23	मिजोरम	0	-	-	2	-	1	3	6	28
24	नागालैंड	1	1	2	3	-	10	4	5	8
25	ओडिशा	272	200	230	399	544	1,220	1,753	2,519	1,226
26	पुद्दुचेरी	54	60	66	149	65	384	456	685	646
27	पंजाब	127	122	195	434	940	2,981	3,665	2,824	2,136
28	राजस्थान	70	109	168	333	518	1,060	2,010	2,960	2,562
29	सिक्किम	8	7	2	19	34	56	40	85	78
30	तमिलनाडु	465	1,758	1,737	2,563	5,868	12,288	18,668	24,381	16,029
31	तेलंगाना	296	321	329	2,230	2,846	10,501	7,298	9,168	5,103
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0	3	11	4	50	329	180	370	271
33	त्रिपुरा	2	3	116	73	59	55	78	64	34
34	उत्तर प्रदेश	708	799	1,154	1,029	1,985	5,561	8,526	12,264	9,237
35	उत्तराखंड	96	79	149	219	474	1,489	2,826	4,539	2,677
36	पश्चिम बंगाल	215	204	187	1,371	2,079	5,358	8,036	10,911	3,831
	योग	**8,620**	**14,665**	**22,427**	**35,299**	**55,689**	**1,23,977**	**1,48,970**	**1,96,898**	**1,27,333**

वित्तीय-वर्ष 2016-17 से 31 अक्तूबर 2024 तक एनएपीएस के अंतर्गत नियोजित महिला शिक्षुओं का राज्य-वार प्रतिशत विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (31 अक्तूबर 2024 तक)
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0.00	-	-	-	33.33	-	7.32	18.75	12.82
2	आंध्र प्रदेश	2.50	3.26	3.44	11.06	13.84	28.13	22.14	16.81	20.04
3	अरुणाचल प्रदेश	0.00	-	50.00	-	-	33.33	28.57	38.46	58.82
4	असम	5.26	8.43	9.56	18.38	11.26	44.75	44.24	44.52	46.64
5	बिहार	1.69	1.09	2.84	7.19	10.67	27.29	18.46	13.94	17.01
6	चंडीगढ़	4.17	22.31	14.73	6.07	27.86	27.68	21.61	26.57	42.55
7	छत्तीसगढ	5.25	5.78	10.82	12.15	9.92	12.52	15.41	19.78	12.69
8	दिल्ली	11.46	19.57	29.12	22.73	19.69	21.21	22.61	23.38	22.08
9	गोवा	8.04	16.73	15.87	17.67	15.75	15.36	23.51	33.23	34.24
10	गुजरात	6.65	6.79	13.56	17.13	14.92	16.20	15.70	18.65	21.23
11	हरियाणा	4.30	20.16	18.07	18.36	15.16	16.62	16.61	16.46	18.15
12	हिमाचल प्रदेश	5.37	4.85	4.96	5.37	9.85	16.81	16.18	18.06	19.41
13	जम्मू और कश्मीर	2.00	3.48	3.77	12.83	20.00	11.18	13.25	22.00	22.70
14	झारखंड	10.96	3.53	6.11	7.45	3.95	7.10	12.14	13.17	14.52
15	कर्नाटक	7.62	7.04	5.73	25.48	21.81	23.80	23.74	21.49	22.57
16	केरल	22.63	25.19	26.29	23.83	25.38	23.81	27.02	28.01	29.74
17	लद्दाख	0.00	-	-	-	33.33	38.89	35.71	56.06	81.40
18	लक्षद्वीप	20.00	-	-	-	11.11	-	33.33	66.67	-
19	मध्य प्रदेश	16.59	10.08	11.48	11.11	10.67	19.01	18.14	19.97	27.77
20	महाराष्ट्र	8.79	8.46	10.35	18.30	23.66	20.39	19.02	20.33	22.04
21	मणिपुर	25.00	40.00	61.54	25.00	18.18	27.78	28.13	44.44	57.39
22	मेघालय	33.33	-	66.67	21.57	36.19	34.19	45.86	66.98	55.35
23	मिजोरम	0.00	-	-	50.00	-	25.00	75.00	50.00	24.56
24	नागालैंड	4.17	25.00	50.00	21.43	-	37.04	18.18	33.33	88.89
25	ओडिशा	9.26	5.14	5.72	11.77	14.78	14.71	16.76	23.42	25.91
26	पुदुचेरी	20.30	18.29	17.46	30.98	21.74	35.23	33.95	27.74	26.58

27	पंजाब	5.24	6.96	9.53	15.20	21.08	25.57	23.86	19.13	24.43
28	राजस्थान	3.51	3.52	4.76	8.18	8.07	11.19	13.22	16.24	18.94
29	सिक्किम	24.24	31.82	40.00	14.84	20.99	18.18	19.80	28.52	29.00
30	तमिलनाडु	7.77	17.20	19.08	18.84	23.55	24.61	25.82	24.01	27.26
31	तेलंगाना	5.77	6.67	5.67	23.10	20.33	27.31	22.93	24.27	30.51
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0.00	2.48	10.78	4.12	8.38	25.66	17.89	12.86	12.53
33	त्रिपुरा	16.67	6.67	73.42	16.70	23.14	22.54	21.20	16.71	16.75
34	उत्तर प्रदेश	6.01	5.60	6.12	8.18	9.95	14.62	14.97	17.15	19.56
35	उत्तराखंड	9.25	4.87	6.47	8.80	10.87	14.91	17.19	21.55	19.45
36	पश्चिम बंगाल	12.15	8.08	6.05	22.30	28.21	28.51	30.78	36.94	27.84

जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) को सहायता देने की स्कीम कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के कुशल भारत कार्यक्रम के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास करना, शैक्षणिक और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों को लक्षित करना है, जिसमें स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले, महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और 15-45 वर्ष की आयु के अल्पसंख्यक शामिल हैं। वर्तमान में, 26 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 289 जेएसएस संचालित हैं। जुलाई 2018 से, इस योजना ने 27.35 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया है, जिसमें महिलाओं की संख्या 82.44% (22.55 लाख) है। राज्यवार और वर्षवार प्रशिक्षित महिला लाभार्थियों का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	राज्य	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1	अंडमान और निकोबार	0	0	0	582	1270	1377	357
2	आंध्र प्रदेश	4433	9699	7792	10194	12805	9035	3507
3	अरुणाचल प्रदेश	155	563	0	0	0	0	0
4	असम	3387	7833	7427	7897	10178	7403	2016
5	बिहार	8710	20192	13506	23741	45138	29736	7543
6	चंडीगढ़	556	1456	756	1157	1953	1229	53
7	छत्तीसगढ	3557	9783	8528	14689	28719	17662	2636
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	429	1425	701	2231	2708	2667	400
9	दिल्ली	2207	4702	4113	4398	6547	4200	1136
10	गोवा	586	1618	1572	1664	2449	1612	360
11	गुजरात	7070	16373	14583	16701	19846	11853	3301
12	हरियाणा	3677	7623	6558	7539	8207	5640	368
13	हिमाचल प्रदेश	377	808	876	6295	20694	13537	1781
14	जम्मू और कश्मीर	974	2649	2510	1830	375	631	30
15	झारखंड	2233	4258	3916	8806	21334	18549	4120
16	कर्नाटक	5741	14371	13284	16358	25773	17909	4934
17	केरल	5838	14319	12217	13708	20849	13759	2186
18	लद्दाख	0	0	0	0	441	196	135
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	1335	1682	13400
20	मध्य प्रदेश	18813	43983	38079	44831	56358	40553	7440
21	महाराष्ट्र	13975	33068	27658	31125	42284	29677	1530
22	मणिपुर	1321	3405	3517	3948	6508	4362	70
23	मेघालय	0	0	0	0	1102	1260	129
24	मिजोरम	0	0	0	635	1435	991	0
25	नागालैंड	388	1259	1327	1122	1348	1539	0
26	ओडिशा	10703	25097	21270	32976	54323	38957	7581
27	पंजाब	1291	3144	1386	3159	3646	2940	909
28	राजस्थान	3816	7951	7648	10102	14657	10935	2362
29	तमिलनाडु	3768	12547	9626	12066	16194	11890	2766
30	तेलंगाना	3997	10681	7223	9206	13403	9247	2971
31	त्रिपुरा	379	1055	748	1797	3951	2589	592
32	उत्तर प्रदेश	30900	73951	65153	75025	97341	67315	13287
33	उत्तराखंड	4309	9055	7553	10409	17342	12160	2836
34	पश्चिम बंगाल	4645	11267	8372	11051	14298	9943	1211
	योग	**148235**	**354135**	**297899**	**385242**	**574811**	**403035**	**91947**

अनुबंध- □□

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की एक प्रमुख केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम है, जिसे देश भर में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी), पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) और विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत 1.32 करोड़ भावी युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कार्यान्वित किया गया है।

भारतीय युवाओं को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में कौशल भारत मिशन की शुरुआत की गई थी। पीएमकेवीवाई 1.0 की सफलता के कारण, जिसमें 19 लाख से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया था, इस योजना को अक्तूबर 2016 में वर्ष 2020 तक 10 मिलियन युवाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से फिर से शुरू किया गया और इसे पीएमकेवीवाई 2016-2020 का नाम दिया गया। देश के युवाओं को सशक्त बनाने और भारत को दुनिया की कौशल राजधानी के रूप में बनाने में कुशल भारत मिशन की यात्रा को जारी रखने के उद्देश्य से, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने जनवरी 2021 में अपनी प्रमुख योजना- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 3.0) के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। पीएमकेवीवाई 3.0 का लक्ष्य आठ लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना है। ईएफसी द्वारा अनुमोदित पीएमकेवीवाई 4.0 के डिजाइन सिद्धांतों के आधार पर, एक कौशल विकास योजना यानी पीएमकेवीवाई 4.0 (2023) को वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में लागू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य व्यावसायिक और शैक्षिक धाराओं में तालमेल बिठाना और कौशल केंद्रों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदाताओं का नेटवर्क बढ़ाना है। पीएमकेवीवाई के तहत अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ केंद्रीय और राज्य सरकार के स्कूलों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई), कॉलेजों और विश्वविद्यालयों (कौशल विश्वविद्यालयों सहित) में कौशल केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं।

